>

Title: Need to facilitate payment of dues to the investors of Adarsh Credit Cooperative Society - Laid

श्री सुभाष चन्द्र बहेड़िया (भीलवाड़ा): आदर्श क्रेडिट कॉपरेटिव सोसायटी विगत 20 वर्षों से सहकारिता के क्षेत्र में काम कर रही है । यह मल्टी स्टेट वित्तीय सहकारी समिति है तथा इसकी शाखाएँ मेरे लोकसभा क्षेत्र भीलवाड़ा सहित देशभर में अनेक स्थानों पर है । यह सोसायटी निवेशकों से राशि प्राप्त कर रही थी तथा अक्टूबर, 2018 तक भुगतान भी कर रही थी । अक्टूबर, 2018 के बाद भुगतान बंद हो गया है । सोसायटी इसके लिए यह कारण बताती है कि उनके खातों को आयकर विभाग द्वारा सीज किया हुआ है । निवेशकों की राशि परिपक्कता अवधि के बाद उनके बचत खातों में डाली जा रही है, परन्तु बचत खातों से निवेशकों को भुगतान नहीं मिल रहा है तथा राशि खातों में जमा है । मेरे लोकसभा क्षेत्र सहित देशभर में लगभग 20 लाख निवेशक इससे प्रभावित है । आदर्श क्रेडिट कॉपरेटिव सोसायटी पर आयकर विभाग, | एस.ओ.जी., एस.एफ.आई.ओ. की जांच कार्यवाही चल रही है जिससे सोसायटी के बैंक खाते सीज कर दिए व सोसायटी के पास जो प्रोपर्टी है उसके बेचने पर भी प्रतिबंध लगा रखा है । मेरा आग्रह है कि सोसायटी को सरकार अपने अधीन लेकर सुचारू करने एवं निवेशकों का भुगतान करने की व्यवस्था करावें ताकि देशभर के 20 लाख निवेशकों को उनकी परिपक्कता जमा राशि का भुगतान शीघ्र प्राप्त हो सके ।